भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : †1164**

उत्तर देने की तारीख : 09.02.2023

**कल्याण योजनाएं**

† **1164.** **श्री असादुद्दीन ओवेसी:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाओं का अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुस्लिम समुदाय पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजनाओं के अंतर्गत कितने लाभार्थी हैं और उनमें से कितने मुस्लिम हैं;

(ग) क्या यह सच है कि ये योजनाएं मुस्लिम अल्पसंख्यकों के लिए कम लाभकारी हैं क्योंकि वे उक्त योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को उक्त योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं चूंकि उनकी साक्षरता दर बहुत कम है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

(क) और (ख): सरकार ने कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और कम विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों सहित हर वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय विशेष रूप से छह (6) अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सशक्तीकरण के लिए देश भर में विभिन्न योजनाओं को लागू करता है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की योजनाओं का मूल्यांकन स्वतंत्र एजेंसियों/नीति आयोग द्वारा किया गया है। योजना लिंग, जाति, पंथ या धर्म के बावजूद सभी पात्र लाभार्थियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए समावेशी दृष्टिकोण अपनाती है। कार्यान्वयन प्रक्रिया अल्पसंख्यकों सहित समाज के कमजोर वर्गों को वरीयता देती है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत, 31.3.2022 तक, 122.69 लाख घरों को मंजूरी दी गई थी, जिनमें से 1.07 करोड़ से अधिक की नींव रखी गई है और 68.02 लाख पूर्ण किए गए हैं / लाभार्थियों को वितरित किए गए हैं। अब तक अल्पसंख्यकों के लिए कुल 18.01 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं जिनमें मुस्लिम समुदाय के लिए 14.13 लाख आवास शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत, 07.02.2023 तक अल्पसंख्यकों को 34,65,095 घर स्वीकृत किए गए हैं (इसमें से 33,61,422 घर मुस्लिम समुदाय से संबंधित हैं) और इसमें से 27,87,901 घर पूरा हो चुका है (इसमें से 23,73,775 घर मुस्लिम समुदाय के हैं)। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत, अप्रैल, 2015 में योजना की शुरुआत के बाद से 21.68 लाख करोड़ रुपये के 38.58 करोड़ ऋण दिए गए हैं, जिनमें से 2.13 लाख करोड़ रुपये की राशि के 4.32 करोड़ ऋण अल्पसंख्यक समुदायों के लाभार्थियों को दिए गए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के संबंध में मुस्लिम हितग्राहियों सहित अल्पसंख्यकों का कोई डाटा उपलब्ध नहीं है।

(ग): जी, नहीं।

(घ): उपरोक्त (ग) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता है।

*****